**वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री विद्या चरण शुक्ल)** : (क) से (घ). सरकार ने पटना का दर्जा बढ़ाने का निर्णय किया है। औपचारिक आदेश जारी किए जा रहे हैं।

### विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का पुनर्गठन

202. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या शिक्षा तथा समाज कल्याण मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने संशोधित विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अधिनियम के अनुसार विश्वविद्यालय अनुदान आयोग के पुनर्गठन का कार्य पूरा कर लिया है ;

(ख) यदि हां, तो पुनर्गठित आयोग के सदस्यों के नाम क्या है ;

(ग) क्या आयोग ने देश में विश्वविद्यालयो की वर्तमान स्थिति में सुधार करने के लिए कोई योजना बनाई है, यदि हाँ, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(घ) यदि नहीं, तो क्या सरकार का विचार इस प्रकार की कोई योजना बनाने का है और यदि हाँ, तो कब ?

**शिक्षा तथा समाज कल्याण मंत्री (श्री सिद्धार्थ शंकर राय)** : (क) और (ख). मामला अभी विचाराधीन हैं ।

(ग) और (घ). विश्वविद्यालय अनुदान आयोग देश में विश्वविद्यालय शिक्षा के स्तर को उन्नत करने के लिए पहले ही से कई योजनायें कार्यान्वित कर रहा है। इसमें से कुछ ये हैं :—

(1) पुनरीक्षण समितियों की नियुक्ति,

(2) उच्च अध्ययन केन्द्रों की स्थापना,

(3) सेमिनारों, ग्रीष्म संस्थानों, शैक्षिक सम्मेलन आदि का आयोजन ;

(4) परीक्षा सुधार ;

(5) विश्वविद्यालयों व कालेजों में पुस्तकालयों और प्रयोगशालाओं का सुधार ;

(6) छात्रावासों और कर्मचारियों के क्वार्टरों का निर्माण ;

(7) अनुसंधान शिक्षावृत्तियों और छात्रवृत्तियों की व्यवस्था ;

(8) विद्यार्थी कल्याण कार्यक्रम, जैसेकि विद्यार्थी गृह, विद्यार्थी-सहायता-निधि, पाठ्य पुस्तक पुस्तकालय, छात्रावास सुविधाओं में सुधार, भौतिक सुविधाओं की व्यवस्था, स्वास्थ्य केन्द्र, आदि आदि ;

(9) अध्यापकों और अनुसंधान कर्ताओं को यात्रा अनुदान ;

(10) निवृत्त हुए अध्यापकों की सेवाओं का उपयोग ।

### राष्ट्रीयकृत बैंकों द्वारा दिल्ली में टैक्सी तथा स्कूटर चालकों को ऋण दिया जाना

203. **श्री रामावतार शास्त्री** : क्या वित्त मन्त्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या राष्ट्रीयकृत बैंकों ने दिल्ली में टैक्सी तथा स्कूटर चालकों को अपने कार्य का विस्तार करने के लिए ऋण दिये हैं और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ; और

(ख) क्या सरकार ने इस सम्बन्ध में कोई योजना बनाई है ; और यदि हां, तो उसका ब्यौरा क्या है ?

**वित्त मंत्री (श्री यशवन्त राव चह्वाण)** : (क) जी हां। जून 1970 को समाप्त हुए वर्ष में दिए गए अग्रिमों का ब्यौरा इस प्रकार है :